तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 आदिम संस्कृति की अनेक विधाएं विलुप्ति...



12 स्कूलों का औचक निरीक्षण कर बीईओ ने...






## खबर संक्षेप

### पुरानी कचहरी के पास से स्कूटी की चोरी, चोर की तालाश जारी



**कांकेर।** कांकेर शहर के पुराना कचहरी के सामने खड़ी स्कूटी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। वाहन चालक ने अपनी वाहन का आसपास में मौजूद लोगो से पूछताछ किया, लेकिन वाहन का कोई जानकारी नही मिला। चोरी हुई वाहन की कीमत लगभग 10 हजार रूपएं है। चोरी की जानकारी देने कांकेर थाना पहुंचे राजापारा कांकेर निवासी 73 वर्षीय हरबिल देव पिता स्व. घनश्याम सिंह देव ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी के नाम से पंजीकृत वाहन क्रमांक सीजी 07 एएफ 5088 सफेद रंग का कीमती करीबन 10 हजार रूपएं को 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे पुराना कचहरी के सामने खड़ी कर शहर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का दर्शन करने गया था। दर्शन कर करीबन शाम साढ़े 6 बजें वापस आकर देखा तो उक्त जगह पर मेरा वाहन नही था, तब मै आसपास अपने वाहन का पता तलाश किया, लेकिन कोई पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति वाहन क्रमांक सीजी 07 एएफ 5088 को चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### महिला ने खाया जहर अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत किरगोली निवासी अगेसिया नेताम का जहर सेवन से ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में 13 अक्टूबर को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मनोरोगी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत सरंगपाल निवासी प्रदीप देवांगन ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गिरधारी देवांगन ने पुलिस को बताया कि मृतक का दिमागी हालत ठीक नही था। अज्ञात कारणो के चलते फांसी गलाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कायम कर विवेचना में लिया है।

# शरद पूर्णिमा में मां लक्ष्मी करती हैं पृथ्वी पर भ्रमण और श्री कृष्ण रचाते हैं महारास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि की विशेष महत्व होता है। शारदीय नवरात्रि और दशहरे के समापन के बाद शरद पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष बुधवार 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा है। शरद पूर्णिमा को कोजागरी और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा 16 कलाओं से बना होता है और उस रात अमृत बरसाता है। इस बार शरद पूर्णिमा पर रवि योग का प्रभाव रहेगा। हिंदू पंचांग के अनुसार आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्तूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी और इसका समापन अगले दिन यानी 17 अक्तूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। शरद पूर्णिमा पर चंद्रोदय शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। शरद पूर्णिमा के दिन सुबह 6.23 बजे से रवि योग बनेगा, जो शाम 7.18 बजे तक रहेगा, उस दिन सुबह ध्रुव योग है। शरद पूर्णिमा पर चांद की विशेष पूजा की जाती है। इस दिन चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से युक्त होता है और मां लक्ष्मी स्वर्गलोक से पृथ्वी पर आकर भ्रमण करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी कार्तिक अमावस्या यानी दीपावली से पहले आश्विन पूर्णिमा तिथि पर पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं जो भी उनका भक्त रात को जागते हुए पूजा-पाठ और उपासना में लीन रहता है] उन पर अपनी विशेष कृपा रखती हैं।

■ रवि योग में कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

## चंद्रमा की 16 कलाओं का होता है प्रदर्शन और होती है अमृत की वर्षा

### कोजागिरी यानी कौन जाग रहा

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। दरअसल मान्यताओं के अनुसार देवी लक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात को धरती पर आती हैं और हर एक जगह पर भ्रमण करते हुए पूछती हैं कि कोजागृति यानी कौन-कौन जाग रहा है। इस कारण से लोग शरद पूर्णिमा की रात को जागकर देवी लक्ष्मी की आराधना करते हैं। मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण सभी गोपियों संग वृंदावन में महारास लीला रचाते हैं।




### शरीर को पुष्ट और जीवन को संतुष्ट बनाने का पर्व

शरद पूर्णिमा की रात बहुत खास मानी जाती है. इस दिन चंद्रमा दिन की तुलना में रात में अधिक चमकीला होता है, यानी चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त होता है। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से धरती पर अमृत बरसता है। इस रात लोग खीर बनाकर चांदनी में रखते हैं, ऐसा करने से खीर में अमृत मिल जाता है। इस अमृत वाली खीर को खाने से स्वास्थ्य बेहतर होता है और जीवन में परेशानियां दूर होती हैं।

## विरोध : कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, एसडीएम की गठित टीम ने जांच में दोष किया उजागर

# मचांदुर के सरपंच-सचिव के खिलाफ खोला ग्रामीणों ने मोर्चा और की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के चारामा विकासखंड के अंतिम छोर का ग्राम पंचायत मचांदुर में ग्राम सभा नहीं होने को लेकर सरपंच व सचिव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की माँग किया है। मचांदुर ग्राम के ग्रामीण 14 अक्टूबर को दोपहर को कलेक्टोरेट पहुँचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि एक माह पहले जनदर्शन में शिकायत किया गया था।

■ ग्रामीणों का कहना है कि गाँव का माहौल हो रहा खराब, दोषी पर हो रही कार्रवाई

जनदर्शन में शिकायत की जाँच के लिए प्रशासन ने टीम का गठन किया। जाँच में पता चला कि गांव के सरपंच और सचिव द्वारा जो प्रस्ताव बनाया गया, वह प्रस्ताव ग्राम सभा का प्रस्ताव नही है, यह जांच सही पाया गया। सरपचं व सचिव द्वारा पंचायत में बैठकर कर प्रस्ताव बना दिया गया। त्रिस्तरीय पंचायती राज अधिनियम 1993 धारा 06 का घोर उल्लंघन करना पाया गया, जो कि राज्य शासन के आदेशों का अवहेलना किया गया। सरपंच के मनमानी के चलते वाद विवाद की स्थिति बना हुआ हैं।

जाँच के बाद कार्यवाही नहीं होने पर ग्रामीण फिर से 14 अक्टूबर को कलेक्टारेट पहुंचे और जाँच की रिपोर्ट पर कार्यवाही करने की माँग किया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि गाँव का माहौल खराब हो गया है, इसलिए जाँच की रिपोर्ट के आधार पर सरपंच व सचिव के द्वारा की गई मनमानी पर कार्यवाही किया जाना चाहिए।




### सीईओ को कार्रवाई करने किया था निर्देशित

एसडीएम ने सीईओ को कार्यवाही करने का निर्देशित करते हुए कलेक्टर को जानकारी दिया है। एसडीएम के पत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा को पत्र प्रेषित कर जांच प्रतिवेदन मंगाया गया। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत भर्रीटोला के आश्रित ग्राम मचांदूर में निर्धारित तिथि के अनुसार ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव द्वारा 21 अगस्त को ग्राम सभा का आयोजन नही कराया गया जो कि, छग राज्य पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के तहत उल्लंघन एवं दोषी पाया जाना प्राप्त प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है। मैने इस प्रतिवेदन के आधार पर 7 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया, परंतु आज तक कार्यवाही नहीं हो पाई।

### कार्रवाई जल्द की जाएगी

कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे ग्रामीण नरेन्द साहू, नोतन भोयर, नन्दु राणा, योगेश भारती, ताम्रध्वज साहू, भादुराम निषाद, प्रहलाद दास ने बताया कि कलेक्टर को जानकारी दिया है। कलेक्टर ने जल्द कार्यवाही किए जाने की बात कहीं है।

## निकाय की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 को, दावा आपत्ति 23 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के निर्वाचक नामावली की दावा आपत्ति 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक किया जा सकेगा, वहीं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा। पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली की दावा आपत्ति 24 से 29 अक्टूबर तक किया जा सकेगा वहीं निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 26 नवंबर को होगा।

■ मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को

स्थानीय निर्वाचन के उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मार्बल ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 1 जनवरी 2024 अर्हता तिथि पर जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गई हों साथ ही साथ 1 जनवरी अर्हता तिथि को प्रकाशित भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचक नामावली में जिन मतदाताओं के नाम है, उनका नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों में विभाजन का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगरीय निकाय की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया जाएगा, जिस पर दावा आपत्ति 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक लिया जाएगा, इसके उपरांत 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। नगरीय निकाय का निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा और इसी दिन से दावा आपत्ति लेना प्रारंभ किया जाएगा और 29 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक लिया जाएगा। दावा आपत्ति का निराकरण 4 नवंबर को किया जाएगा। पंचायत चुनाव की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 26 नवंबर को किया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका नाम भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में है, उनका नाम यदि छूट गया हो उनका नाम प्रारूप क-1 में लिया जाएगा। यदि किसी मतदाता का वार्ड गलत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## दो बाइक की टक्कर, में एक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत भूरके नदी पुलिया के पास बाईक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही अन्य बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाईक में सवार चालक को गंभीर चोट आने के कारण मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।




विवेचना में पाया गया कि 2 सितंबर को शाम 4 बजें भूरके नदी पुलिया के पास पक्की सड़क में जेठूराम पुंगाटी अपने मोटर सायकल से भुरके से कोड़ेकुर्से की ओर से आ रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 08 एव्ही 6701 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर जेठूराम के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर जेठूराम को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे जेठूराम पुंगाटी की मौत हो गई। आरोपी द्वारा अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर जेठूराम के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर जेठूराम को एक्सीडेंट कर चोट पहुंचाने से आई चोट के कारण मौत होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एव्ही 6701 के चालक भुरके निवासी राजाराम कोवाची पिता स्व. वाडे राम कोवाची के खिलाफ धारा धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बुजुर्ग मां से मारपीट करने पर शराबी पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत भण्डारीपारा में शराब के लिए मॉ ने पैसा देना से मना किया तो शराबी बेटे ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट से बुजुर्ग महिला को चोट आई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा शराब पीने का शौकिन है और आए दिन शराब के नशे में रहता है। थाना में शिकायत करने पहुंची भंडारीपारा कांकेर निवासी 65 वर्षीय रंभा प्रधान पति स्व. रामप्रसाद प्रधान ने पुलिस को बताया कि मेरा लड़का गिरधारी लाल प्रधान आए दिन शराब पीने का आदि है और मुझे आए दिन शराब पीने के लिए पैसा मांगता रहता है। मै वृद्ध महिला हूं काम नहीं कर पाती हूं तो मैं उसे बोलती हूं कि मैं कहां से पैसा दूंगी, काम वगैरह नहीं कर पाती हूं। मेरे पास पैसा नहीं है कहने पर मेरे साथ वाद विवाद कर लड़ाई झगड़ा करता है। मेरा लड़का गिरधारी लाल प्रधान 13 अक्टूबर को शाम साढ़े 5 बजें दारू पीने के लिए मुझे पैसा मांगा तब मैं मेरे पास पैसा नहीं है मैं तुमको कहां से पैसा दूंगी बोलने पर वह मुझे जान से मारने की धमकी और गाली देने लगा। हाथ मुक्का से मारपीट किया है एवं नाखून से गर्दन में खरोंच दिया है, जिससे मेरे गर्दन में चोंट आई है। लड़ाइ झगड़ा की आवाज को सुनकर मेरी लड़की मोनिका वाचम बीच बचाव करने आई तो गिरधारी लाल प्रधान उसको भी गाली दिया व जान से मारने की धमकी देकर हाथ थप्पड़ व लात से मारपीट किया और बाल पकड़कर धकेल दिया, जिससे मेरी बेटी दिवाल से टकारा गई और उसे भी चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेना में लिया है।



## आरएसएस के स्वयं सेवकों ने शहर में किया पथ संचलन

# धर्मांतरण बना पूरे देश के लिए चुनौती, हिंदू समाज को जागना और जगाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आरएसएस का पथ संचलन के लिए स्वंय सेवक नरहरदेव मैदान में 13 अक्टूबर को एकत्र हुए। नरहरदेव मैदान से प्रारंभ हुआ पथ संचलन शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए मिनी स्टेडियम पहुँचा। शहर के मुख्य मार्ग में कई संगठन एवं समाज के द्वारा पथ संचलन में शामिल स्वंय सेवकों पर फूल वर्षा कर स्वागत करते हुए वंदे मातरम जय का उदघोष भी किया। मिनी स्टेडियम में समापन के अवसर पर मंच पर मुख्य वक्ता धर्म जागरण के प्रांत संयोजक पूर्णेंदु सिन्हा, विभाग संघ चालक काशी प्रसाद तिवारी, जिला संघ चालक बालकृष्ण तोमर रहे। मुख्य वक्ता धर्म जागरण के प्रांत संयोजक ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज इतना गर्मी है, उमस है, तापमान बहुत बढ़ गया है। वातावण असंतुलित हो गया है, इसके लिए क्या कर सकते है हम यह विचार करना होगा। हम लोगों को निर्णय लेना होगा कि हम आज से वन टाइम यूज प्लास्टिक यूज नही करेंगे, कुछ समाजिक स्तर में भी यह प्रारंभ हुआ है। हमें सोचना है कि हमें पर्यावरण को कैसे ठीक करना है, पर्यावरण संरक्षण कैसे करेंगे। कुटुंब प्रबोधन के काम हम सबको करना पड़ेगा, जिसके तहत घर में सभी सदस्य कम से कम दिनभर में एक बार एक साथ बैठकर भोजन करें या पूजा पाठ करें। भाषा, वेशभूषा, भजन भ्रमण और भवन हमको ठीक करना है, जो अपने घर से प्रारंभ करना होगा। जन्मदिन कैसे मनाना, बच्चा के जिद के कारण केक लाना ही पड़ता है, केक काटने का परंपरा हमारा नही है, केक को मिठाई के रूप में दे सकते है। मोमबत्ती बूझाना नही है, जन्मदिन है तो एक वृक्ष लगाए। अगर किसी का मौत भी हो गया तो उसके यादगार में एक वृक्ष लगाना चाहिए। स्वा के भाव हमारे मन में आना चाहिए, स्वतंत्रता तो हमें मिला है, लेकिन हम स्वतंत्र नही है, इसके कारण हम स्वाधीन नही हुए है। स्वतंत्रता से स्वाधीनता की ओर चल रहे है, स्व के बोल, स्व के भाव हमारे अंदर कैसे आएगा। वस्तु से ही नही सब प्रकार से लेकिन हम वस्तु से ही प्रारंभ कर सकते है। हमारा हस्ताक्षर अंग्रेजी में तो नही है, यह विचार करना है। स्वा से ही हम संस्कृति को मजबूत करने का काम कर सकते है। ऐसे स्वा का भाव स्वदेशी का भाव हमारे अंदर आना चाहिए। हम देश के नागरिक है हम संविधान और अधिकार की बात करते है, अधिकार का प्रयोग भी करते है और अधिकार प्राप्ति के लिए संघर्ष भी करते है, लेकिन आज तक संविधान में बताए गए कर्तव्य की ओर दृष्टि डाले ही नही है। स्वतंत्रता के बाद संविधान बना है, उससे पहले भी था संविधान। अधिकार का बात होता है तो एक मताधिकार है, इसको भी हमारा संविधान प्रदान किया है, लेकिन आज तक मताधिकार शत प्रतिशत तक नही पहुंचा है, लोगो में जागरूकता ही नही है। इस अधिकार को अपना कर्तव्य समझते ही नही है। हमको अपने और अपने परिवार से शुरूआत करना है, ताकि समाज हमें देख सके और स्वंय करे। धर्मांतरण की चुनौती तो पूरे देश में है, हिन्दू समाज को जगना है और जगाना है, यह सब प्रकार का काम हमको करना ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ वंदेमारतम की घोष के साथ पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत



## डीजे डांस प्रतियोगिता कुम्हनखार में 17 को

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हनखार में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 17 अक्टूबर गुरुवार को रखा गया है। इस प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार1501 रुपए, इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1501 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए, एक नृत्य में भी प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 501 रुपए रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच सोहेंन्द्र कुंजाम, प्रमुख सियान देवराम नेताम, नवालूराम शोरी, तिलक पटेल, रतिराम नेताम आत्माराम भास्कर ने दिया।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र के विभिन्न पदों के लिए कौशल परीक्षा 19 को

**कोण्डागांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र कोण्डागांव के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए मूल दस्तावेज सत्यापन एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आईटीआई जोंधरापदर में आयोजित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव ने बताया कि जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं मल्टी टास्क स्टाफ सहित कुल 08 पदों के लिए प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत वरीयता सूची जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसका अभ्यर्थी अवलोकन कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा से मौत, वारिस पत्नी को 4 लाख रुपए की मदद

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित के प्रकरण में वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा फरसगांव तहसील के ग्राम लंजोड़ा निवासी दिनेश कुमार नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता सुन्दरीबाई नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### मोहेरा में हुआ भागवत कथा



**मगरलोड।** मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत ग्राम मोहेरा में आयोजित भागवत कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा श्रीमती पिंकी शाह एवं भाजपा नेता राजेंद्र गोलछा पहुंचे। इस दौरान श्रीमती शाह ने शीतला मंदिर मोहेरा में भी पूजा अर्चना किया एवं भागवत कथा में सम्मिलित हुई। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष चित्रसेन प्रजापति, धरम बिसेन सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अरौद नाला पुल का मरम्मत शीघ्र होगा



**मगरलोड।** अरौद नाला पुल की सपोर्टिंग सीसी सड़क भारी वाहनों की आवाजाही से टूट कर जर्जर हो चुकी है। आवागमन बाधित हो गया हैं। भविष्य में करोड़ों की लागत से बनी पुल को खतरा हो सकता है। सर्वप्रथम हरिभूमि ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग प्रमुखों को अरौद नाला पुल की दयनीय स्थिति से अवगत कराया तथा जनहित में शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया।

## पेज 9 के शेष

### निकाय की मतदाता...

हो गया हो, उसका स्थानांतरण के लिए प्रारूप (क) में आवेदन करना होगा। किसी मतदाता के नाम आदि में सुधार हो तो प्रारूप (ख) में आवेदन होगा। इसी प्रकार किसी के नाम पर यदि कोई आपत्ति हो तो प्रारूप (ग) में आवेदन दिया जा सकता हैं। दावा आपत्ति की जानकारी प्रतिदिन मतदान केंद्रों में चस्पा होगी एवं निर्धारित प्रपत्र में अपने ईआरओ कार्यालय में भी भेजेंगे।

### धर्मांतरण बना पूरे...

है। हमारी संस्कृति का रक्षा करना शास्त्र का पूजा करना, शास्त्र का अनुकारण करके हम आगे बढ़ते है, शास्त्र से ही हमें सिखाया गया कि शस्त्र उठाना, पकड़ना, पूजना। कारण यह कि अगर हम शास्त्र के एक डण्डा को भी पकड़ लिए तो शास्त्र से शस्त्र की सुरक्षा करते है और शस्त्र से शास्त्र की सुरक्षा करते है। हिन्दु समाज को संगठित और जागृत भी करना है, समाज के लिए खड़ा भी होना है।

---

**जनदर्शन : सड़क निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर 17 आवेदन मिले**

# सालेभाट और चिपरेल में धान खरीदी केंद्र मेंडपाल में शिक्षक व स्कूल भवन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनदर्शन में विकासखण्ड केशकाल के ग्राम पंचायत सालेभाट एवं चिपरेल के ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में अस्थायी धान खरीदी केन्द्र के कारण ग्राम सालेभाट एवं चिपरेल के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ग्रामवासियों ने स्थायी रूप से धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की। कलेक्टर ने ग्रामवासियों की मांग पर कार्रवाई के लिए एआरसीएस को अग्रेषित किया। कोण्डागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनगापदर के आश्रित गांव मेण्डपाल के प्राथमिक शाला में एक ही शिक्षक होने और शाला भवन अत्यंत जर्जर होने की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों ने नया स्कूल भवन एवं शिक्षक की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम होनावण्डी के ग्रामीणों द्वारा स्वसहायता समूह के सदस्यों के लिए आजीविका संबंधी गतिविधियों के लिए शेड निर्माण की मांग, बिन्जे गांव के ग्रामवासियों द्वारा वन अधिकार पट्टे की मांग सहित अटल आवास, सीसी रोड, सड़क निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए।

■ कलेक्टर ने आम जनता की सुनीं मांगें व समस्याएं

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक कीतैयारियों के संबंध में ली बैठक

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के समाकक्ष में बस्तर ओलम्पिक के संबंध में खेल संघों एवं व्यायाम शिक्षकों की बैठक ली गई। उन्होंने बैठक में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में आयोजन की तैयारियों के संबंध में खेल मैदान का चिन्हांकन एवं मरम्मत करने की कार्रवाई तथा आवश्यक खेल सामग्री खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल, आश्रम एवं शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में बस्तर ओलम्पिक से संबंधित क्यूआर व ऑनलाइन पंजीयन का लिंक चस्पा करें ताकि खिलाड़ियों को पंजीयन में सुविधा हो सके। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि बस्तर ओलम्पिक 2024 में भाग लेने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकासखण्डों में अब तक 2 हजार 833 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करा लिया है।

■ खेल संघों एवं व्यायाम शिक्षकों को दिए निर्देश

---

# 3.900 किग्रा गांजा जब्त, एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

मुखबिर की सूचना पर जुगानी कैप निवासी हरिशचन्द्र विश्वास पिता स्व. कालीपद विश्वास उम्र 52 वर्ष को घर से घेराबंदी कर रविवार को पकड़ा गया। उसके पास से एक सफेद बोरी में 3.900 किलोग्राम गांजा को जब्त किया गया। जब्त गांजे का बाजार मूल्य लगभग 39 हजार रुपए बताया जा रहा है। । आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई कर गिरफ्तारी के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कोंडागाँव पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ती अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में चाना फरसगांव पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध नशेली मादक पदार्थ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिन्दे, सउनि किशोर प्रजापति, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, अजय मरकाम, धनीराम सलाम, म.आर. लक्ष्मी मरकाम एवं सायबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

# उमरगांव में दशमी तिथि के दिन रावण वध

■ गजानन मंडली द्वारा राम, लक्ष्मण, विभीषण, हनुमान सेना सहित रावण, राक्षस दल वेषभूषा से सुसज्जित होकर रावण वध का मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





ग्राम उमरगांव में दशमी तिथि के दिन रावण वध का कार्यक्रम हुआ जिसमें असत्य पर सत्य की विजय पाई गई। जय गजानन मंडली द्वारा राम, लक्ष्मण, विभीषण, हनुमान सेना सहित रावण, राक्षस दल वेषभूषा से सुसज्जित हुए थे। गांव के देवी देवता सम्मिलित हुए रैनी की पूजा पाठ कर राम रावण से युद्ध चला फिर 25 फीट रावण का पुतला दहन किया गया और एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, सिहावा थाना प्रभारी तिवारी, मोहन पुजारी, सुरेश मरकाम सरपंच, ईश्वर पटेल जनपद सदस्य, चन्द्रभान यादव, गणेश सूर्यवंशी, करण दास, तोषण साहू, ओमप्रकाश नेताम, अंगेश हिरवानी, सालिक साहू, नारायण दास, बेददास मानिकपुरी, टीकेश्वर सेन, तुलसी सार्वा, गजेन्द्र साहू, टिकेश ध्रुव, मोन्टू साहू, डिकेश्वर साहू, घुरऊ राम शेष आदि उपस्थित थे। रात्रि कालीन कार्यक्रम जय अम्बे पुरन जस झांकी अरकार जिला बालोद की प्रस्तुति हुई जो लोगों को काफी पसंद आया। इसके मुख्य अतिथि ऋषि ओटी नवागांव सांकरा सरपंच, अध्यक्षता पीलाराम ध्रुव एसडीओ रुद्री रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं विजयदशमी महोत्सव के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण मारकोले, हेमंत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सेन, सचिव रोमेश साहू, मंशा सोम, जनक साहू, कुंदन यादव, नकुल सुर्यवंशी, सुरेश मरकाम, हेमंत पुजारी एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# बैंक सखी को बिहान योजना से मिली आर्थिक मजबूती

**बिहान से जुड़कर हर महीने लगभग 12 हजार कर रही आय अर्जित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव





बस्तर क्षेत्र के सुदूर अंचलों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इनमें बिहान योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो न केवल गांवों का विकास कर रही है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही है। कोंडागांव जिले के माकड़ी विकास खंड के छोटे से गांव गुमड़ी की रहने वाली राधा कश्यप इस बदलाव की जीती–जागती मिसाल हैं।

■ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रही

राधा कश्यप अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं। आज उनका परिवार खुशहाल जीवन जी रहा है। पर आज से पांच साल पहले परिस्थिति ऐसे नहीं थी। क्यूंकि राधा और उनका पति मुश्किल से दो वक्त की रोटी जुटा पाते थे। राधा का पति घर चलाने के लिए खेती करते थे। राधा का सारा समय घर के काम–काज और खेती कार्य में निकल जाता था। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब थी। लेकिन इन कठिन परिस्थितियों ने राधा के हौसले को कम नहीं किया। उन्होंने परिवार की मदद के लिए कुछ करने का निर्णय लिया और वर्ष 2016 में दुर्गा स्वसहायता समूह से जुड़ गईं। यहीं से उनके आत्मनिर्भर बनने की यात्रा की शुरुआत हुई। स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद, राधा को बिहान योजना के अंतर्गत बैंक सखी बनने का अवसर मिला। राधा को जगदलपुर आरसेटी में 10 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। जहां उन्होंने वित्तीय साक्षरता और कंप्यूटर का प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण ने उन्हें बैंकिंग सेवाओं की बेहतर समझ दी और उन्हें अपने काम में दक्ष बना दिया। वर्ष 2018 में उन्होंने 68 हजार रुपये का ऋण लिया और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के लिए बैंक सखी के रूप में काम शुरू किया। राधा अब बैंक सखी के रूप में हर महीने लगभग 10 से 12 हजार रुपए कमा रही हैं। यह आय उनके परिवार के लिए आर्थिक संबल बन गई है।

उन्होंने अपनी आय से अपने पति के लिए किराना दुकान शुरू करने में भी मदद की। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो गई है। राधा को बिहान योजना के तहत 2 पंचायतों में 3 गांवों का दायित्व सौंपा गया है। जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 2500 है। वह ग्रामीण बैंक और डिजी–पे के माध्यम से प्रतिदिन डेढ़ लाख रुपये तक का लेनदेन करती हैं। उनके पास वित्तीय सेवाओं के लिए प्रतिदिन करीब 80 लोग आते हैं और अब तक उन्होंने 503 बचत खाते खोले हैं। राधा के प्रयासों से अब तक लगभग 1 लाख 60 हजार डिजिटल लेनदेन हो चुके हैं। जिनमें कुल 2 करोड़ 50 लाख रुपये का लेनदेन हुआ है। राधा ज्यादातर मनरेगा मजदूरों का भुगतान करती हैं और अब तक 30 हजार मजदूरों को इस योजना का लाभ दिला चुकी हैं। इसके अलावा, वह वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत हर महीने 25 लोगों की पेंशन घर–घर जाकर भुगतान करती हैं। उन्होंने अब तक 1200 ई–श्रम और 800 आयुष्मान कार्ड बनाए हैं। जिससे उन्हें 30 हजार रुपये की कमीशन प्राप्त हुआ है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को विशेष धन्यवाद दिया।

# सीनियर सिंगल्स में थॉमस रहे विनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



लॉन टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में संभाग स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। फाइनल मुकाबले में जूनियर्स अंडर 19 के डबल्स मुकाबले में प्रखर आजाद एवं अथर्व मिश्रा की जोड़ी को आदित्य विश्वकर्मा एवं एन रोहित ने 7-2 से पराजित कर विजेता बने। जूनियर सिंगल्स के मुकाबले में अथर्व मिश्रा ने बड़ा उलटफेर करते हुए आदित्य विश्वकर्मा को 8-3 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। सीनियर सिंगल्स फाइनल में थॉमस फिलिप ने हरदीप सिंह को हराकर विनर ट्राफी पर कब्ज़ा जमाया। ओपन सिंगल्स मेंस डबल्स में कुणाल चालीसगांवकर एवं मोक्ष प्राशर विरुद्ध थॉमस फिलिप एवं जोगेंद्र पाल सिंह के मध्य हुआ। तगड़े मुकाबले में दोनों टीम 7-7 बराबरी पर पहुंची। उसके बाद टाई ब्रेकर में थॉमस फिलिप एवं जोगेंद्र पाल सिंह ने 7-1 से जीतकर डबल्स फाइनल का खिताब अपने नाम किया। ओपन मेंस सिंगल्स चैंपियनशिप का फाइनल डीआरडीओ के मनीष बडवानी एवं जगदलपुर के जोगेंद्र पाल सिंह के मध्य खेला गया। लम्बे एवं संघर्षपूर्ण मैच में जोगेन्द्र पाल सिंह ने मनीष को 8-5 से शिकस्त दी एवं ट्राफी पर अपना नाम अंकित किया।

# सार्थक स्कूल के विशेष बच्चों ने गरबा खेलकर नवरात्रि उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सार्थक स्कूल में नवरात्रि पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव से आए स्पेशल ओलंपिक भारत, छत्तीसगढ़ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रवि जैन, विशेष बच्चों से मिलने पहुंचे। उनका स्वागत, विशेष बच्चों के द्वारा गीत गाकर किया गया।तत्पश्चात सभी बच्चे, सदस्य, प्रशिक्षक गण और रवि जैन मिलकर गरबा नृत्य और डांडिया करते हुए देर तक आनन्द लिया। स्कूल के भारती, देवश्री, वत्सला, दिशा, प्रीति, एवं मनीषा ने गरबा की वेशभूषा, चनिया चोली में अम्बे मां के गीतों पर खूब नृत्य किया जो बच्चे पैर से भी दिव्यांग हैं वे भी व्हीलचेयर पर बैठकर डांडिया लेकर उनके साथ बहुत उत्साहित होकर खेलते रहे। रवि जैन ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सार्थक स्कूल के बच्चों में खेल में आगे बढ़ने की बहुत संभावना है। अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए स्मरण किया कि पूर्व में स्पेशल ओलंपिक भारत के बैनर तले सार्थक स्कूल के छात्र सत्यांशु दीप, एथलेटिक्स, बॉस्केटबॉल में गांधीनगर, पोंडेचेरी में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कृत हो चुके हैं। साथ ही सार्थक के बच्चों एकलव्य पटेल विनीत बघेल, मनीषा साहू ,अर्जुन चक्रधारी, आकाश आहूजा और यज्ञदत्त साहू ने भिलाई, दुर्ग, अछोली, बालोद, रायगढ़ जैसे शहरों में भी अपनी प्रतिभा से विभिन्न खेलों में मैडल और सर्टिफिकेट हासिल किए हैं। और महाराष्ट्र के लोनावाला के 3 दिवसीय आयोजन में भी सार्थक के 9 बच्चों ने सहभागिता दी थी और बहुत से पुरस्कार अर्जित किए थे। रवि जैन ने स्कूल के कुछ और बच्चों को चयन करके, खेलों का अभ्यास कराने तथा स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के लिए तैयार करने की बात कही। इस अवसर पर सार्थक की उपाध्यक्ष श्रीमती अनुनंदा, सचिव स्नेहा राठौड़, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, मैथिली गोड़े, सुनैना गोड़े आदि उपस्थित थे।

# नियद नेल्लानार योजना के तहत 37 योजनाओं को सेचुरेशन मोड पर लाने की करें कोशिश : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत 37 योजनाओं का सेचुरेशन मोड पर लाया जाना है। इसके लिए विभागों को फील्ड सर्वे करने के साथ ही समांतर आनलाईन या पोर्टल में एंट्री भी साथ में किया जाना है। किसी भी हालत में नवम्बर माह तक फिजिकल सर्वे कार्य को प्राथमिकता से किया जाना है।

कलेक्टर हरिस ने मुख्यमंत्री जनदर्शन के ऐसे प्रकरण जो एक माह से अधिक लंबित हैं, उसका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जनशिकायत, डैशबोर्ड, वेब के प्रकरण का निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही तीन वर्षों से धान नहीं बेचने वाले कृषकों के पंजीयन निरस्तीकरण, कृषि एवं संबद्ध विभागों से किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा किए। हर गांव के एक शासकीय तालाबों को सामुदायिक मत्स्यपालन के लिए पट्टा में देने की पहल किया जा सकता है। एनआरएलएम के हितग्राहियों को बैंकों से क्लेम हेतु हर सप्ताह मृत्यु की जानकारी लेकर बीमा क्लेम के लिए कार्यवाही किया जाए। कलेक्टर ने डिजिटल आजीविका रजिस्टर, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगतिरत मकान, स्थाई प्रतीक्षा सूची में शेष बचे परिवारों के संबंध फॉलो-अप करवाने तथा शेष आवेदन लेने के निर्देश दिए। आवास प्लस में शामिल परिवारों के संबंध प्रगति की समीक्षा आवेदनों की प्राप्ति के आधार पर स्वीकृति देने के निर्देश दिए। मनरेगा में लेबर पेयमेंट की स्थिति, महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2020-21 में आंगनबाड़ी भवनों की प्रगति, आंगनबाड़ी भवन निर्माण में लिंटन लेबल तक पहुंचने पर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीडीएस दुकान के निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति की जानकारी एक सप्ताह में प्रगति को पूर्ण कर संबंधित विभाग को हैण्ड ओवर करवाने कहा गया। बैठक में सीएसआर मद के स्वीकृत कार्यों को मार्च तक पूर्ण करवाने कहा। साथ ही विशेष केंद्रीय सहायता, सीएसआर के मद से स्वीकृत कार्यों, डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र-पूर्णता प्रमाण पत्र देने तथा देवगुड़ी के कार्यों को पूर्ण करने की समीक्षा किए।

कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य की प्रगति और सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न भण्डारण प्रत्येक माह के 10 तारीख तक करवाने के निर्देश दिए। ई-केवायसी की स्थिति को 100 प्रतिशत करवाने के निर्देश दिए। इसके लिए वार्डवार, पंचायत एवं दुकानवार हितग्राहियों को ई-केवायसी सूची के आधार पर सुनिश्चित करवाएं।

# गुंडाधुर के गांव नेतानार के कोटवार और ग्रामीणों ने मांगा दशहरा में आश्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दशहरा पर्व में शहीद वीर गुंडाधुर के गांव नेतानार से आये देवी देवताओं को रुकने जगह नहीं मिलती है। गुंडाधुर के परपोता देबू धूर का कहना है कि दशहरा मे हमारे गांव के देवी देवताओं को आमंत्रित किया जाता है परन्तु ठहरने की उचित व्यवस्था नहीं की जाती है। हर वर्ष ठहरने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। इस सम्बन्ध में तहसीलदार को जगह उपलब्ध कराने आवेदन दिया गया। लेकिन उनके द्वारा न ठहरने की व्यवस्था की गई न ही कोई मदद मिला। नेतानार से आये देवी देवता के सेवादार दंतेश्वरी मंदिर के सामने खंडहर नुमा पुराना मकान को साफ सफाई कर वहां रूके जहां सांप बिच्छू का खतरा बना हुआ है यदि कोई अनहोनी घटना हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। महान वीर गुंडाधुर ने बस्तर के सर्व समाज का नेतृत्व कर अंग्रेजो के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी। बस्तर ही नहीं पुरे छत्तीसगढ़ में कई सरकारी संस्थाओं का नामकरण हुआ है। उन्ही स्वतंत्रता सेनानी के गांव के लोगों को उचित स्थान व सम्मान के लिए वंचित होना पड़ रहा है। इस संबंध में पिछले 7 अक्टूबर को नेतानार के कोटवार राजू नाग और ग्राम पटेल समेत ग्रामीण और सेवादार ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर ठहरने के लिए आवास की व्यवस्था करने की गुहार की थी। लेकिन व्यवस्था नहीं मिलने से सभी में मायूसी दिखी। 3-4 दिन देवी-देवताओं के साथ भटकते हैं। ज्ञापन में लिखा गया है कि हर साल दशहरा कमेटी की ओर से देवी-देवताओं को आमंत्रण तो दिया जाता है।




**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने सरस मेला का लिया जायजा



**जगदलपुर।** लालबाग मैदान में आयोजित बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का रविवार की शाम कलेक्टर हरिस एस. ने जायजा लिया। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी और सांस्कृतिक कार्यक्रम में दलों की प्रस्तुति, गायकों की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अति. सीईओ जिला पंचायत बीरेन्द्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दशहरे की शुभकामनाएं दी

# मंत्री ने ग्रामीणों को दी विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

क्षेत्रीय दौरे में आज अपने विधानसभा क्षेत्र के बस्तर ब्लॉक के बनियागांव पहुंचकर स्थानीय विधायक और वन मंत्री केदार कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को दशहरे की शुभकामनाएं दीं।

मंत्री कश्यप ने विभिन्न स्थलों पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन पूजन कर क्षेत्र और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ये दशहरा अपने आप में खास है, क्योंकि राम मंदिर बनने के बाद ये दशहरे का पहला त्योहार है, इसलिए हम सभी को इस त्योहार को और अधिक उत्साह के साथ मनाना है।

मंत्री कश्यप ने ग्रामीणों की मांग पर सड़क डामरीकरण विभिन्न विकास कार्यों को मौके पर ही स्वीकृत किया। जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए किसी भी हालत में धन की कमी आड़े नही आयेगी, ये मैं आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की यह सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है।

### सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नदी में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक फुलधर नाग के निकटतम वारिस उनकी पत्नि जमुना नाग एवं तालाब में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक चन्दन ककेम के निकटतम वारिस उनके पिता लिंगैया ककेम को 4-4 लाख रुपए कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# खेलेगा सुकमा-बढ़ेगा सुकमा की थीम पर बस्तर ओलम्पिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

- कलेक्टर ने सभी तैयारियां समयपूर्व सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन में बस्तर ओलंपिक 2024 का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक और खेल प्रतिभा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। सुकमा जिले में खेलेगा सुकमा तो बढ़ेगा सुकमा की थीम पर बस्तर ओलंपिक के आयोजन को लेकर प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। सोशल मीडिया, पोस्टर, ऑडियो-वीडियो जैसे विभिन्न माध्यमों से खेलों के पंजीयन कराने व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच इस प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर ध्रुव के मार्गदर्शन में जिले में प्रतियोगिता की जानकारी पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रचार वाहन लगाए गए हैं। सुकमा जिले के स्कूलों, कॉलेजों और ग्राम पंचायतों में बस्तर ओलंपिक की महत्ता पर जोर दिया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं सामूहिक ग्रामीण खेलों, जैसे खो-खो, कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स में पंजीयन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी उम्र के खिलाड़ियों के लिए दो वर्गों में प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था की गई है। जिससे स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का एक अनोखा मंच मिल रहा है।

प्रशासन द्वारा खेल के मैदानों की तैयारी का काम तेज गति से किया जा रहा है। खेल आधिकारी विरुपाक्ष पौराणिक ने बताया कि बस्तर ओलंपिक खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर के साथ ही क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। इस आयोजन से युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भविष्य में सुकमा जिले से कई नए खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक में पंजीयन प्रारंभ हो गया है। जिलेवासी अपना पंजीयन जनपद पंचायत, बीईओ कार्यालय, नगरीय निकाय, जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जिलेवासी 20 अक्टूबर तक अपना पंजीयन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से कर सकते हैं।

# डांडिया नाइट भक्तिमय कार्यक्रम कृष्ण-लीला के साथ हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

राघव मंदिर परिसर में आयोजित डांडिया नाइट के चौथे एवम अंतिम दिवस रामनवमी के पर्व पर सामूहिक डांडिया के साथ समूहों के डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कुल 8 समूह ने हिस्सा लिया। जिसमें डी फिटनेस, गोल्डन गर्ल, अभियान ग्रुप, राधा रानी ग्रुप, सुकरू कैंप, अरुण्या एवम आर के ग्रुप ने हिस्सा लिया। जिसमे प्रथम अंकिता इक्का का अरूण्या ग्रुप रहा, द्वितीय स्थान पर राजकुमार माडिया का आर के ग्रुप एवम तृतीय स्थान पर सुकरु कैम्प रहा। साथ ही उत्तम जोड़ी का पुरस्कार अनुपमा एवम रुद्र को मिला। उत्तम परिधान कंचन शर्मा तथा एकल नृत्य सत्या एवम श्रेया साहू ने जीता। प्रथम पुरस्कार 15001 एवम द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए की नगद रही एवम ट्रॉफी प्रदान की गई।

पूरे कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र योगेश विश्वकर्मा की टीम द्वारा आयोजित कृष्ण भगवान की सम्पूर्ण जीवन गाथा रही। कृष्ण लीला अध्यात्म की सबसे प्रसिद्ध कथाओं में से एक है। उसके बाल्यावस्था से लेकर युवास्था तक लीलाओं का वर्णन किया जिसमें गोचारण लीला, गोवर्धन लीला, रास लीला आदि मुख्य है और मामा कंस का वध के साथ विराट रूप भी प्रदर्शित किया जिसमें भक्तों को जयकारों से नगर गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया, जिसमें एके सिंह, देवरायलु, रोशन मिश्रा, मीरा तिवारी, प्रह्लाद साहू, एसबी महापात्र, प्रकाश चंद्र जैन, शालिनी कर्मा, एम सिंधु, उत्कर्ष देवांगन, पी एल साहू, लीना साहू के उक्त कार्यक्रम के साक्षी बने। डांडिया आयोजन समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी ने बताया कि वर्ष 2018 में पहली बार नगर में विशेष तौर में डांडिया गरबा का आयोजन प्रारंभ किया गया जोकि आज दिनांक तक लगातार भक्तिमय रूप से आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन समिति के सचिव धीरज पांडेय ने बताया समिति हमेशा से अपने कार्यक्रम में कुछ नया और आधुनिक करना चाहती है जिसमे इस वर्ष एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव कार्यक्रम को भक्त दूर से भी देख पाए। कोषाध्यक्ष थानेश्वर जोशी ने नगर के सभी प्रतिष्ठानों का धन्यवाद किया।

# पुलिस लाइन में विजयादशमी पर हुआ सशस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विजयादशमी के अवसर पर बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में सशस्त्र पूजा हुई। पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा बल के सदस्यों ने विजयादशमी के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में मां दंतेश्वरी एवं मां दुर्गा की वंदना करते हुये बस्तर संभाग के समस्त पुलिस बल तथा सुरक्षाबल एवं उनके परिजनों की अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति की कामना की।

आईजी ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी एवं दशहरा की शुभकामना देते आश्वस्त किया कि बस्तर पुलिस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी।

# विधायक ने करवाया कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर स्थित निज कार्यालय में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कन्या भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर नौ कन्याओं को आमंत्रित किया और उन्हें श्रद्धा के साथ कन्या भोज करवाकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में विधायक ने कन्याओं से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा नवरात्रि हमारे लिए न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह कन्याओं के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से कहा कि वे कन्याओं का सम्मान करें और उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सदैव प्रयासरत रहें। भोज में विशेष रूप से तैयार किए गए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए, जिनका सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर किया, जिसमें आनंद और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

# सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्न भोग प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पिछले 5 वर्षों से गोल बाजार की अधेड़ टोली बस्तर दशहरा के बाहर रैनी के अवसर पर माता का भंडारा कर अन्न भोग प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओ को कराता आ रहा है। दशहरा देखने बस्तर के सुदूर अंचलों और अन्य प्रांत से पहुंचे सैलानियों को माता का भंडारा में चावल, दाल सब्जी व मूंग का हलुवा दिया गया।

अधेड़ व युवाओं की टोली का नेतृत्वकर्ता राकेश रथ ने बताया 5 वर्ष से दशहरा व शारदीय नवरात्र के दौरान जगदलपुर से दंतेवाड़ा माता के दर्शन करने जाने वाले पदयात्रियों को दूध दिया जाता था। 5 साल बाद ग्रामीणों को शहर में भोजन व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए अब अन्नभोग प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग दशहरा देखने परिवार के साथ पहुंचते है, जिन्हें दोपहर 1 बजे माता का भंडारा में अन्नभोग प्रसाद मिलने से उन्हें काफी संतुष्टि मिलती है। अन्न भोग प्रसाद न केवल ग्रामीण वरन बड़ी संख्या में शहरवासी भी प्रसाद ग्रहण करने के साथ-साथ सेवा देने स्वफूर्त पहुंचते है। माता का भंडारा में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक संतोष बाफना, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, निगम के एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, पार्षद संजय पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा सम्मलित हुए और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। माता का भंडारा में अधिवक्ता संतोष मिश्रा, अनूप मेहरा, संजय सामंत, राकेश विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, आशीष शर्मा, डॉ श्रुति रंजन मिश्रा, दंतेश्वर राव, सौरभ दुबे, प्रवीण द्विवेदी, अनूप जैन, रविन्द्र दास पट्टजोशी, नरेंद्र पाणीग्राही, शशि रथ, बद्रीविशाल दास, अधिवक्ता संजय विश्वकर्मा, प्रकाश रावल, मनोज जंगम अनिल सामंत समेत अन्य लोगो का योगदान रहा।

**श्रीरामलला दर्शन के लिए 87 श्रद्धालु रवाना : जगदलपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 87 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। रविवार की शाम इन यात्रियों को लालबाग मैदान से दुर्ग के लिए रवाना किया गया। जहां से दुर्ग और बस्तर संभाग के दर्शन यात्रियों को ट्रेन के माध्यम से अयोध्या के लिए जाएंगे। कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, रामलला योजना के जिला समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




# नवरात्रि पर भाग्यशाली विजेताओं को मिला इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सरयूपारीण समाज के भवन में नवरात्रि में मां आदिशक्ति दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर सदस्यों ने पूजा आराधना संपन्न किया। नवरात्रि में पूजा आराधना के साथ कलश सजाओ, श्लोक वाचन, फैंसी ड्रेस, सुहागन पूजा तथा डांडिया समेत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सरयूपारीण समाज के अलावा सर्व ब्राहिमिन समाज के महिला एवं पुरुष शामिल हुए। देवी आराधना एवं पूजा में शामिल होने वाले प्रत्येक लोगों को निःशुल्क प्रवेश कूपन जारी किया गया था। जारी कूपन पर ड्रॉ के माध्यम से इनाम निकाला गया। भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमे प्रथम पुरस्कार रेफ्रीजरेटर पूर्णिमा नलिन शुक्ला, द्वितीय वाशिंग मशीन नितिन तिवारी व तृतीय पुरस्कार एलईडी टीवी तथा 10 सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। नवरात्रि में समाज के जिन सदस्यों के द्वारा सहभागिता निभाई गई।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
Email:
sdm.bhanupratappur1991@gmail.com
रा.प्र.क्र./202410140500007/अ-2/2023-24
ग्राम नारायणपुर तहसील भानुप्रतापपुर,
जिला उ.ब.कांकेर

**।। उद्घोषणा ।।**

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ आवेदिका श्री पिंकी पति अमित, निवासी ग्राम भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर द्वारा ग्राम नारायणपुर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 67/9 रकबा 0.0180 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/10/2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार
नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
स्थानः- भानुप्रतापपुर दिनांकः- 07/10/2024

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर भानुप्रतापपुर
जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हाई-हायर सेकंडरी स्कूलों में परीक्षा 11 नवंबर से

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल मुख्य एवं अवसर परीक्षा नवम्बर 2024 की परीक्षा 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक आयोजित होगी। शासकीय उमावि के एसडी दास ने बताया कि हायर सेकण्डरी की परीक्षा11 नवंबर से 27 नवंबर तक और हाईस्कूल की परीक्षा 13 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित होगी। नवंबर में आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त परीक्षार्थी समय सारिणी का शासकीय उमावि दुर्गुकोंदल के अध्ययन केन्द्र से जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर कार्यालय की वेबसाइट में भी उपलब्ध है।

### विकासात्मक सेक्टर में ऋण वितरण को दें बढ़ावा

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. ने कहा कि जिले में बैंकों द्वारा अपने जमा-ऋण अनुपात के आधार पर प्राथमिकता क्षेत्र कृषि एवं कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों सहित अन्य विकासात्मक सेक्टर में ऋण वितरण को बढ़ावा दी जाए। इस दिशा में बैंकर्स और विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर आम जनता को लाभान्वित किए जाने के लिए सकारात्मक पहल करें। खेती-किसानी हेतु अधिकाधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाए। वहीं ग्रामीणों को साग-सब्जी उत्पादन एवं उद्यानिकी फसल लेने सहित कुक्कुटपालन, बकरीपालन, पशुपालन, सूकरपालन, मछलीपालन जैसी आय मूलक गतिविधियों के लिए सहायता दी जाए। साथ ही स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कर विभिन्न उत्पादक एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए सहायता उपलब्ध कराया जाए।

### दीपक लोक सेवा केन्द्र शुरू कर बना आत्मनिर्भर

**जगदलपुर।** जिले के बकावंड ब्लॉक अंतर्गत बड़े जिराखाल निवासी दीपक पाण्डेय मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनांतर्गत लाभान्वित होकर क्षेत्र के ग्रामीणों को लोक सेवा केन्द्र एवं मोबाइल दुकान के जरिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। अपनी लोक सेवा केंद्र के माध्यम से दीपक गत तीन वर्ष में अच्छी आमदनी अर्जित करने सहित अपनी बैंक ऋण राशि भी लगभग अदा कर चुके हैं। दीपक का गांव जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर और तहसील से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दीपक बताते हैं कि परिवार में माता-पिता एवं भैया-भाभी और उनकी पत्नी सहित कुल 10 सदस्य हैं। परिवार के सभी सदस्यों के लिए 9 एकड़ की कृषि भूमि पर्याप्त थी, किन्तु बहुत बड़ा परिवार होने की स्थिति में अपना जीवन-निर्वाह करने के लिए अतिरिक्त आय की जरूरत हो रही थी। दीपक ने बताया कि 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ने की रूचि थी, किन्तु बढ़ती उम्र और पारिवारिक आर्थिक स्थिति के चलते मेरे पढ़ने की रूचि धीरे-धीरे खत्म होते देर नहीं लगी।

# नपं मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 को जिस पर दावा-आपत्ति 23 तक लिया जाएगा

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम राजपूत ने बैठक ली और राजनीतिक दलों को जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार सोमवार को भानुप्रतापपुर के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुश्री आस्था राजपूत ने अनुभाग भानुप्रतापपुर के सभी राजनीतिक दलों एवं प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी नगर पंचायत एवं पंचायत चुनाव के दावा आपत्ति लेने के संबंध में विस्तार से जानकारी सभी को दी। एसडीएम ने सभी राजनैतिक दलों को बताया कि 1 जनवरी 2024 अर्हता तिथि पर जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हों साथ ही साथ 1 जनवरी अर्हता तिथि को प्रकाशित भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचक नामावली में जिन मतदाताओं के नाम है उनका नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों में विभाजन का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगर पंचायत की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टुबर को किया जावेगा जिस पर दावा आपत्ति 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक लिया जावेगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जावेगा इसकी दावा आपत्ति 29 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक लिया जावेगा। ऐसे मतदाता जिनका नाम भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में है उनका नाम यदि छुट गया हो उनका नाम प्रारूप क-1 में लिया जावेगा। यदि किसी मतदाता का वार्ड गलत हो गया हो उसका स्थानांतरण हेतु प्रारूप क में आवेदन होगा। किसी मतदाता के नाम आदि में सुधार हो तो प्रारूप ख में आवेदन होगा।

### प्रारूप में करें आवेदन

इसी प्रकार किसी के नाम पर यदि कोई आपत्ति हो तो प्रारूप ग में आवेदन दिया जा सकता हैं। सभी राजनैतिक दल अपने अपने दल के वार्ड प्रभारी नियुक्त करेंगे। वार्ड प्रभारी सीधे कोई आवेदन नहीं दे सकता है केवल प्रेरित कर सकता है। मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर ने आज सभी प्राधिकृत अधिकारी को दावा आपत्ति के दौरान भरे जाने वाले विविध प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह निर्वाचन का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है इसे पूरे ईमानदारी से सभी समय सीमा के अंदर करें। दावा आपत्ति की जानकारी प्रतिदिन मतदान केंद्रों में चस्पा करें एवं निर्धारित प्रपत्र में अपने ईआरओ कार्यालय में भेजे। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के 15 वार्डों का प्रकाशन किया जावेगा इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। साथ ही जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में 52 ग्राम पंचायत एवं दुर्गुकोंदल के 44 ग्राम पंचायतों में 24 अक्टूबर को प्रकाशन किया जावेगा।



### ये रहे उपस्थित

आज के बैठक में तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर,मास्टर ट्रेनर्स टिकेश ठाकुर, राजनैतिक दलों से सुनील पाढ़ी, निखिल राठौर, नरोत्तम चौहान,सोंपसिंह आंचला,हरेश चक्रधारी,संकेत नशीने, जितेंद्र बेंजामिन,राजू सिंघोडिया,अनैश नुरेटी,रवि दुग्गा, ललित गांधी उपस्थित थे।

**परिचर्चा :** धनकुल लोकगीत पर आयोजित परिचर्चा में लोकगीतों की महत्ता पर विचार व्यक्त किए गए

# आदिम संस्कृति की अनेक विधाएं विलुप्ति की कगार पर, जिसका संरक्षण है स्वयं को संवारना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ लोकगीतों में है जीवन का रहस्य और तत्वदर्शन : ललित नरेटी

छत्तीसगढ़ राज्य आदिम संस्कृति,कला एवं साहित्य संस्थान द्वारा धनकुल लोकगीत पर एक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कोरर में किया गया। संस्थान के सचिव संदीप सलाम ने परिचर्चा में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आदिम संस्कृति के विभिन्न विधा लगातार विलुप्ति के कगार पर हैं जिनको संरक्षित करके आने वाली पीढ़ी तक संवाहित करने तथा मानव जीवन में गीतों के महत्व को बताने के लिए यह आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के अध्यक्ष ललित नरेटी ने बताया कि आदिम समुदाय के समस्त ज्ञान वाचिक परंपरा से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होते हैं, लिखित साहित्य का अभाव है, किन्तु वर्तमान समय में यदि हम अपने ज्ञान को लिखित नहीं रखेंगे तो वह विलुप्त हो जायेगा। ऐसा ही लोकगीत है धनकुल जिसका संरक्षण जरूरी है। यह गीत बांस से बने धनुष, सूपा तथा बांस की कमची और मिट्टी से बने हंडी का उपयोग करके गायी जाती है। ये गीत मानव जीवन के रहस्यों को उद्घाटित करते हुए जीवन मार्ग में चलने के लिए मार्गदर्शी होते हैं।




साहित्यकार डीएस बघेल ने धनकुल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गीत प्रकृति आराधना और उसके प्रति आभार के रुप में गाया जाता है। यह गीत गुरुमाय के अगुआई में गायी जाती है उनके सहायक गायिका को नान्ही माय और अन्य सहायकों को चेली कहा जाता है। नारायणपुर से पहुंचे शोधार्थी भागेश्वर पात्र ने बताया कि पूर्णतः प्रकृति आधारित यह आदिम गीत विशेष अवसरों पर अलग-अलग गायी जाती है, इसके गायन के दौरान प्राकृतिक वाद्य यंत्र का ही उपयोग किया जाता है। साहित्यकार कृष्णपाल राणा ने हल्बी भाषा के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक सीखने पर जोर दिये। कार्यक्रम को हल्बा समाज के अध्यक्ष लखमू कोसमा, सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मत्तेसिंह भुआर्य, शिवप्रसाद बघेल, खिलेश्वरी कोसमा ने भी धनकुल के विषय में अपनी बात रखी। धनकुल लोकगीत दल बांगाचार की गुरुमाय गीता मांझी और उनकी टीम के द्वारा धनकुल लोकगीत का गायन किया गया जिनके गायन से उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गये, गायन के पश्चात उसके महत्व व बारिकियों को शिवप्रसाद बघेल द्वारा बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रवीण दुग्गा और आभार प्रदर्शन गौरव तेता ने किया। परिचर्चा में उपस्थित अतिथियों व धनकुल टीम व जंजालीपारा कोरर के ग्रामवासियों को संस्थान द्वारा मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया।

धनकुल एक परिचर्चा कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मुरहा राम राना, सुभिया कोलियारा, रेवा रावटे, खोरबाहरा गौर, उपेश्वर ठाकुर, रविप्रकाश कोर्राम, हरेश मड़काम, किशोर तेता, जुनऊ नुरुटी, कुबेर कोसमा, सुरेश भुआर्य, घासी बढ़ाई, पूरन नायक, ओसिमा कोसमा, भारती दर्रो, अंकिता नाग, गौकरण कोसमा, मनीष कोरेटी, टिनू नुरुटी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिले में 30 तक जारी कौशल पखवाड़े में दिया जा रहे हैं विभिन्न प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम एवं नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने के उद्देश्य से जिले में 14 से 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं का काउंसिलिंग कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा सक्षम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सेक्टर्स के रोजगारोन्मुखी लघु अवधि के पाठ्यक्रमों में उन्हें शत्-प्रतिशत नियोजित करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार युवा इस काउंसलिंग शिविर में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। जिले में आयोजित होने वाले काउंसिलिंग कैम्प एवं पंजीयन शिविर आज 14 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी व जनपद पंचायत कांकेर में आयोजित किया गया। विकासखण्ड नरहरपुर के जनपद पंचायत नरहरपुर एवं ग्राम पंचायत सरोना में 15 अक्टूबर को तथा 16 अक्टूबर को विकासखण्ड चारामा के जनपद पंचायत चारामा और ग्राम पंचायत जेपरा में कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 17 अक्टूबर को विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कोरर व जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर में, 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत केंवटी और में जनपद पंचायत भवन दुर्गूकोंदल में, 21 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्से और ग्राम पंचायत कोण्डे में, 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत अंतागढ़ और ग्राम पंचायत ताड़ोकी, 23 अक्टूबर को ग्राम पंचायत आमाबेड़ा और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा तथा 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत भवन पखांजूर व ग्राम पंचायत बांदे में काउंसलिंग कैम्प व पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में इच्छुक युवा उपस्थित होकर निःशुल्क कौशल उन्नयन के लिए आवेदन व पंजीयन करा सकते हैं।

# फिट ऑन फॉयर प्रतियोगिता में बस्तर समेत झारखंड और ओडिशा के प्रतिभागियों ने दिखाया जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बस्तर और कांकेर के सांसद ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

शहर के दलपत सागर के समीप स्थित बस्तर आर्ट कैफे में डीके दास एवं वेदिका चौहान द्वारा फिट ऑन फॉयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ओडिशा, झारखंड, रायपुर, भिलाई, दंतेवाड़ा, बीजापुर व सुकमा जिले के प्रतिभागी शामिल हुए। समापन अवसर पर सांसद महेश कश्यप और भोजराज नाग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। फाइनल में सीनियर वर्ग में 11 और जूनियर वर्ग में 10 प्रतिभागी थे। सीनियर वर्ग में राउरकेला के दिलेश्वर हेस्सा प्रथम, जगदलपुर के हर्ष नाग द्वितीय व जयपुर के सरोज कुमार महाराणा तृतीय स्थान पर रहे।



वहीं जूनियर वर्ग में जयपुर के धनराज रेड्डी प्रथम, जयपुर के अदिति पटनायक द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर दंतेवाड़ा के पियुषा सोनी व जगदलपुर के अनुष्का सूत्राधार रहे। संचालन मंशा महावीर ने किया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल महामंत्री संग्राम सिंह राणा उपस्थित थे। निर्णायक के रूप में बीजापुर के संदीप पुनेम और जगदलपुर के राजा नाग उपस्थित थे।

# कबड्डी और डांस प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम आमागढ़ में दो दिवसीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता एवं एक दिवसीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता शक्ति संगठन आमागढ़ के युवाओं द्वारा नवीन बारसा देव खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उपस्थित रही।



प्रो कबड्डी के समापन के अवसर पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सभी खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाया साथ ही युवा शक्ति संगठन-आमागढ़ के द्वारा ग्रामीणों द्वारा परिश्रम करके निर्मित किया गया मंच पर छत निर्माण के लिए 3 लाख रुपएं राशि कि घोषणा किया। प्रो कबड्डी में प्रथम स्थान सात सितारा सोनपाल, द्वितीय स्थान चिहरो, तृतीय ग्राम देव कोंडे कि टीम रही एवं डांस प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम कांकेर से संगीता कोरचे, द्वितीय मानपुर से सानिया नाग, तृतीय कोड़ेकुर्से से खुशी वड्डे, चतुर्थ कर्रामाड़ से प्राची मरकाम और सामुहिक नृत्य में प्रथम जय मां शीतला डांस ग्रुप भैसाकन्हार, द्वितीय नागपुरी डांस ग्रुप दल्ली राजहरा, तृतीय बाल गोपाल डांस ग्रुप लोहत्तर एवं युगल नृत्य में साक्षी नेताम एवं साथी करमोती संबलपुर के ग्रुप ने रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाकर विजेता बनी। समिति द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों सम्मानित किया गया।

# स्कूलों का औचक निरीक्षण कर बीईओ ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे ने दशहरा अवकाश के बाद सोमवार को दूरस्थ वनांचल क्षेत्र हाटकर्रा के स्कूलों में पठन-पाठन की स्थिति एवं अन्य गतिविधियों को जांचने औचक निरीक्षण किया। माध्यमिक शाला बांसकुंड में स्कूल मरम्मत कार्य का जायजा लिया एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।शिक्षकों को कक्षा कक्ष व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया,एनएमएमएससी परीक्षा की तैयारी संबंधी आवश्यक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अति दुर्गम क्षेत्र तोनका में नदी पर बांस से बने पुल को बाइक से पार कर पहुँचे और प्राथमिक शाला ऊपरतोनका, नीचेतोनका, बांसकुंड में कक्षाओं का निरीक्षण कर, बच्चों से बात कर बच्चों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन किया। शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु सतत गृह कार्य, अभ्यास कार्य, पालक संपर्क, हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया।



निरीक्षण के दौरान किचन, पेयजल एवं शौचालय व साफ सफाई का जायजा लिया। श्री कोमरे जी के द्वारा शाला पंजीयों के पूर्ण ना होने पर नाराजगी व्यक्त किया गया सभी संस्था प्रमुखों को शिक्षक डायरी,मध्यान्ह भोजन पंजी निर्धारित प्रारूप में भरने, पाठकान, बालकान,चकना पंजी प्रतिदिन संधारित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, मध्यान भोजन के गुणवत्ता पर रसोइयों एवं शिक्षकों से चर्चा की गई एवं गुणवत्ता पूर्ण भोजन बनाने हेतु निर्देशत किया गया।

नवोदय एवं एकलव्य की परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षकों के साथ आवश्यक चर्चा किया गया। शाला निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक तिलक कुमार सर्फे उपस्थित रहे।


## आवश्यकता है

### गौरी फाउण्डेशन छत्तीसगढ़

कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले के विभिन्न ब्लाकों में आवश्यकता है:-

| क्र. | पद | योग्यता | सैलरी | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्लाक क्वाडिनेटर | ग्रेज्युएशन | 10000-12000 | 3 पुरुष, 3 महिला |
| 2 | फिल्ड आफिसर | 10वीं/12वीं | 7000-8000 | 20 10 महिला, 10 पुरुष |
| 3 | कम्प्यूटर टीचर/कम्प्यूटर ऑपरेटर | 12वीं कम्प्यूटर का ज्ञान | 7000-8000 | 20 10 पुरुष, 10 महिला |
| 4 | सिलाई प्रशिक्षिका | 10वीं सिलाई का ज्ञान | 7000-8000 | 20 महिला |
| 5 | ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षिका | 10वीं पार्लर का ज्ञान | 7000-8000 | 20 महिला |
| 6 | इलेक्ट्रिकल प्रशिक्षक/सोलर | आईटीआई इलेक्ट्रिकल /सर्टिफिकेट इलेक्ट्रिशयन | 7000-8000 | 20 पुरुष |
| 7 | एकाउण्टेंड | टैली व मैनुअल एकाउंटिंग की जानकारी | 10000-15000 | 2 पुरुष/महिला |

कार्यक्षेत्र- नरहरपुर ब्लाक, कोयलीबेड़ा ब्लाक, भानुप्रतापपुर ब्लाक, अंतागढ़ ब्लाक, चारामा ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत

नोट- प्रशिक्षण केन्द्र गांव में ही प्रारंभ करना है।

संपर्क- 94079-96538


# सांसद महेश और भोजराज ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप और भोजराज नाग बस्तर आर्ट गैलेरी पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर आर्टिस्ट अंजली बेहरा द्वारा बनाया गया बस्तर दशहरा का प्रिटिंग सांसद और आर्टिस्ट कुशल रूपेला द्वारा बनाया गया बस्तर पहाड़ी मैना का प्रिटिंग कांकेर सांसद को भेंट किया गया। कला अर्चना आर्ट स्टूडियो की संचालक तमन्ना जैन ने बताया कि अर्चना जैन द्वारा ऑर्ट क्लासेस के लिए स्टूडियो खोला गया था। वर्तमान में 30 से अधिक आर्टिस्ट को स्टूडियो से जुड़कर कला के क्षेत्र में एक गुरप में काम करने का मौका मिल रहा है। कला अर्चना में हर साल अनेक बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कला अर्चना की संचालक तमन्ना नरेश जैन पेरिस कॉलेज ऑफ आर्ट फ्रांस से मास्टर इन ड्राईंग आर्ट पूरी कर बस्तर लौटी है और अब बस्तर में ही अपनी सेवा देना चाहती है।


सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज



online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**रामेश्वरम् धाम यात्रा**

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी

राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा**

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411